# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
132ए, सिविल लाइन्स, इटावा

निकट पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688–796776

E-mail ID-
eeetwupjnrural@gmail.com


पत्रांक 1303 / W – 23 / 25 दिनांक : 13/04/26

सेवा में,

**द्वारा ई–मेल**

जिला सूचना अधिकारी,
इटावा।

**विषयः–डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भाष्कर में दिनांक 11.04.2026 को प्रकाशित ई–समाचार "खितौरा में जल जीवन मिशन के गड्ढे खुले" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भाष्कर में दिनांक 11.04.2026 को प्रकाशित ई–समाचार "खितौरा में जल जीवन मिशन के गड्ढे खुलेः पानी भरने से हादसों का खतरा, शिकायतों पर कार्रवाई नहीं" खबर प्रकाशित की आख्या मांगी गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रकाशित खबर विकास खण्ड महेवा के ग्राम खितौरा पेयजल योजना की है, जो जल जीवन मिशन फेज–3 कार्यक्रम से आच्छादित है। उक्त योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय स्टेजिंग तक, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल पूर्ण, फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। प्रस्तावित पाइपलाइन 9.666 किमी0 के सापेक्ष 7.60 किमी0 बिछाई जा चुकी है। योजना से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है, समाचार पत्र में प्रकाशित फोटोग्राफ पेयजल कनेक्शन का है, जिससे पेयजलापूर्ति चालू कर गडढे/सड़क की मरम्मत करा दी गयी है (फोटोग्राफ संलग्न)। लगभग 1.5 वर्ष से धनाभाव के कारण कार्य की प्रगति धीमी रही है, कार्यदायी संस्था मै0 OIMIL-JWIL(JV) द्वारा वर्तमान में पुनः कार्य को प्रारम्भ कराया जा रहा है, लगभग 6 माह अवशेष कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे।

आख्या महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक : उपरोक्तानुसार**

भवदीय

(के0के0 प्रजापति)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांकः– तदैव।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता


पानी अब बचाना है
LANAND
PUBLIC SCHOOL
GPS Map Camera
Google
Khitora, Uttar Pradesh, India
M7v5+9w5, Khitora, Uttar Pradesh 206120, India
Lat 26.692821° Long 79.259559°
Monday, 13/04/2026 11:28 AM GMT +05:30


हम सबने यह ठाना है
पानी अब बचाना है
KEWALANAND
PUBLIC SCHOOL
GPS Map Camera
Google
Khitora, Uttar Pradesh, India
M7v5+9w5, Khitora, Uttar Pradesh 206120, India
Lat 26.692844° Long 79.259554°
Monday, 13/04/2026 11:02 AM GMT +05:30

# खितौरा में जल जीवन मिशन के गड्ढे खुले: पानी भरने से हादसों का खतरा, शिकायतों पर कार्रवाई नहीं

सतेंद्र सिंह | उरेंग(भरथना), इटावा 11/04/26



शेयर

खितौरा में जल जीवन मिशन के गड्ढे खुले।

महेबा विकास खंड की ग्राम पंचायत खितौरा में जल जीवन मिशन के तहत खोदे गए गड्ढे खुले पड़े हैं। पंचायत घर के पास स्थित इन गड्ढों में बारिश का पानी भर गया है, जिससे क्षेत्र में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद इन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

ये गड्ढे लंबे समय से खुले हुए हैं, जो छोटे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए लगातार जोखिम पैदा कर रहे हैं। पानी भरने से यह खतरा और बढ़ गया है, खासकर रात के समय या कम रोशनी

गांव के ध्यान सिंह, सत्येन्द्र कुमार और हरिसिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इन खुले गड्ढों को लेकर कई बार फोन पर शिकायतें दर्ज कराई हैं। हालांकि, उनकी शिकायतों पर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

इस संबंध में जब एडीओ पंचायत महेबा इन्दपाल सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि यह कार्य जल जीवन मिशन परियोजना का हिस्सा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना देकर जल्द ही गड्ढों को बंद कराने का आश्वासन दिया है।

ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि किसी बड़ी दुर्घटना से बचने के लिए इन गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द भरवाया जाए।

